MR. DEPUTY CHAIRMAN: All right. Now, Shri Digvijaya Singh.

**Cleaning of River Yamuna**

**श्री दिग्विजय सिंह** (मध्य प्रदेश): माननीय उपसभापति महोदय, हमारे देश में गंगा नदी का अपना अलग महत्व है और गंगा की सफाई का महत्व समझते हुए माननीय भूतपूर्व प्रधान मंत्री, श्री राजीव गांधी जी ने सबसे पहले गंगा सफाई का काम हाथ में लिया था। उसके पश्चात् हम आभारी हैं डॉ. मनमोहन सिंह जी के, जिन्होंने गंगा नदी को राष्ट्रीय नदी घोषित किया और उसकी सफाई का एक विशेष कार्यक्रम बनाया।

माननीय उपसभापति महोदय, गंगा की सफाई तब तक नहीं हो सकती है जब तक कि यमुना की सफाई नहीं होती। पिछले वर्ष यमुना सफाई का एक बहुत बड़ा आन्दोलन वृन्दावन और मथुरा के लोगों ने चलाया था, जिसमें लगभग 50 हजार से ज्यादा लोगों ने वृन्दावन-मथुरा से लेकर दिल्ली तक की पद यात्रा की थी और तत्कालीन वाटर रिसोर्सेज मिनिस्टर श्री हरीश रावत जी के साथ उन पद यात्रियों की एक बैठक हुई। केन्द्र सरकार के जल संसाधन मंत्रालय ने कुछ निर्णय लिए और निर्णय लेने के पश्चात् एक समय-सीमा में उन्हें पूरा करने का वादा किया गया। उसके पश्चात् जो जल संसाधन मंत्रालय के मिनिट्स में रिकॉर्डेड है, उसके बावजूद भी जब उनका प्रतिनिधि मंडल वर्तमान जल संसाधन विभाग के माननीय मंत्री से मिला, तो हमें इस बात का दुख है कि उन्होंने कहा कि अभी हम कुछ नहीं कर पाएंगे और सन् 2022 के बाद कुछ कर पाएंगे।

माननीय उपसभापति महोदय, मेरी आपसे और आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना है कि जो वादा पूर्व सरकार के जल संसाधन मंत्रालय ने यमुना सफाई का किया था, उसे पूरा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाएं और माननीय जल संसाधन मंत्री जी को आप निर्देश दें कि वे उनका पालन करें।

**श्रीमती जया बच्चन** (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभापति महोदय, माननीय सदस्य, श्री दिग्विजय सिंह जी द्वारा सदन में प्रस्तुत किए गए विषय से मैं अपने आपको सम्बद्ध करती हूं।

**डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ** (मध्य प्रदेश): माननीय उपसभापति महोदय, माननीय सदस्य, श्री दिग्विजय सिंह जी द्वारा सदन में प्रस्तुत किए गए विषय से मैं अपने आपको सम्बद्ध करती हूं।

**चौधरी मुनव्वर सलीम** (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभापति महोदय, माननीय सदस्य, श्री दिग्विजय सिंह जी द्वारा सदन में प्रस्तुत किए गए विषय से मैं अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।

†**چودھری منوّر سلیم (اترپردیش)** : ماننیے اُپ سبھاپتی مہودے، ماننیے سدسیے، شری دگ وجے سنگھ جی کے ذریعے ایوان میں پیش کئے گئے وشے سے میں اپنے آپ کو سمبدّ کرتا ہوں۔

---

† Transliteration in Urdu Script.

**श्री किरनमय नन्दा** (उत्तर प्रदेश)ः माननीय उपसभापति महोदय, माननीय सदस्य, श्री दिग्विजय सिंह जी द्वारा सदन में प्रस्तुत किए गए विषय से मैं अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।

**श्री हरिवंश** (बिहार)ः माननीय उपसभापति महोदय, माननीय सदस्य, श्री दिग्विजय सिंह जी द्वारा सदन में प्रस्तुत किए गए विषय से मैं अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।

SHRI M.P. ACHUTHAN (Kerala): Sir, I associate myself with the concern expressed by Shri Digvijaya Singh.

**श्री आलोक तिवारी** (उत्तर प्रदेश)ः माननीय उपसभापति महोदय, माननीय सदस्य, श्री दिग्विजय सिंह जी द्वारा सदन में प्रस्तुत किए गए विषय से मैं अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।

**श्री दर्शन सिंह यादव** (उत्तर प्रदेश)ः माननीय उपसभापति महोदय, माननीय सदस्य, श्री दिग्विजय सिंह जी द्वारा सदन में प्रस्तुत किए गए विषय से मैं अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।

**श्री महेन्द्र सिंह माहरा** (उत्तराखंड)ः माननीय उपसभापति महोदय, माननीय सदस्य, श्री दिग्विजय सिंह जी द्वारा सदन में प्रस्तुत किए गए विषय से मैं अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।

**श्री राजाराम** (उत्तर प्रदेश)ः माननीय उपसभापति महोदय, माननीय सदस्य, श्री दिग्विजय सिंह जी द्वारा सदन में प्रस्तुत किए गए विषय से मैं अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।

**श्री नीरज शेखर** (उत्तर प्रदेश)ः माननीय उपसभापति महोदय, माननीय सदस्य, श्री दिग्विजय सिंह जी द्वारा सदन में प्रस्तुत किए गए विषय से मैं अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।

**श्री अरविन्द कुमार सिंह** (उत्तर प्रदेश)ः माननीय उपसभापति महोदय, माननीय सदस्य, श्री दिग्विजय सिंह जी द्वारा सदन में प्रस्तुत किए गए विषय से मैं अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।

**श्रीमती कनक लता सिंह** (उत्तर प्रदेश)ः माननीय उपसभापति महोदय, माननीय सदस्य, श्री दिग्विजय सिंह जी द्वारा सदन में प्रस्तुत किए गए विषय से मैं अपने आपको सम्बद्ध करती हूं।

SHRI ANANDA BHASKAR RAPOLU (Telangana): Sir, I associate myself with the concern expressed by Shri Digvijaya Singh.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF MINORITY AFFAIRS; AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI MUKHTAR ABBAS NAQVI): Sir, hon. Minister wanted to clarify something.

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री; तथा पोत परिवहन मंत्री (श्री नितिन जयराम गडकरी)**ः सम्माननीय उपसभापति महोदय, गंगा और यमुना दोनों विषयों का मेरे डिपार्टमेंट से भी आधा संबंध है। गंगा के बारे में वाराणसी से हल्दिया तक 4,200 करोड़ रुपए का काम शुरू हुआ है। अगले महीने वाराणसी में वॉटर टर्मिनल का भूमि पूजन कार्यक्रम भी होने जा रहा है। यमुना के बारे में दिल्ली की

[श्री नितिन जयराम गडकरी]

सरकार और भारत सरकार मिलकर काम कर रही है। जो गंदा पानी यमुना में जाता है, उसको शुद्ध करने के लिए दिल्ली सरकार, दिल्ली म्युनिसिपल कॉरपोरेशन और डी.डी.ए., इन्होंने मिलकर एक योजना तैयार की है। जहां तक यमुना में पानी रोकने की बात है, वज़ीराबाद में पानी का एक बड़ा डैम बनाया गया है और पानी शुद्ध करने की जिम्मेदारी दिल्ली सरकार की है। उन्होंने तीन प्रोजेक्ट्स लिए हैं और यहां से यमुना में आगरा तक, उसको वॉटरवेज़ बनाने का काम हम कर रहे हैं। उसकी प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार हो गई है और हॉलेंड की कंपनी को उसका काम भी दिया गया है। मैं सम्माननीय सदस्य को नम्रतापूर्वक बताना चाहता हूं कि इसके पहले केवल मीटिंग्ज़ हुईं, कुछ काम नहीं हुआ था। ...(**व्यवधान**)... पहली बार यह काम शुरू हुआ है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री दिग्विजय सिंह** : सर, माननीय मंत्री जी द्वारा जो कहा गया है, पहली बात तो यह है कि यह जल संसाधन विभाग उनके अंतर्गत ...(**व्यवधान**)... वे माननीय मोदी जी से अनुरोध करें तो उन्हें मिल सकता है। मेरा अनुरोध आपसे यह है कि ...(**व्यवधान**)...

**श्री नितिन जयराम गडकरी** : सम्माननीय उपसभापति महोदय, यह यमुना और गंगा में inland waterways का पार्ट है, जिसका मैं मंत्री हूं। जहां तक गंगा के शुद्धिकरण की बात है, उसमें उमा भारती जी का डिपार्टमेंट काम कर रहा है और दिल्ली सरकार के एल.जी. के साथ मेरी तीन मीटिंग्ज़ हुई हैं। तीनों के साथ मिलकर हमने संयुक्त रूप से प्रकल्प तैयार किया है, पेरेंट एजेंसी की तरह मेरा डिपार्टमेंट काम कर रहा है और आप इसकी जानकारी ले सकते हैं।

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Sir, we have raised the issue relating to the Ministry of Water Resources...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. दिग्विजय जी, आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... आपको reply मिल गया है, आप बैठिए ...(**व्यवधान**)...

SHRI DIGVIJAYA SINGH: If the hon. Minister wants to have that Ministry also, he can ask the hon. Prime Minister...*(Interruptions)*... My contention is this ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Dr. Bhushan Lal Jangde ...*(Interruptions)*... दिग्विजय जी, आप बैठिए...आपको reply मिल गया है। ...(**व्यवधान**)... आप बैठिए ...(**व्यवधान**)...

SHRI DIGVIJAYA SINGH: I wanted to know about the implementation of the decisions taken...*(Interruptions)*...

**श्री उपसभापति** : आप बैठिए, प्लीज़ ...(**व्यवधान**)... डा. भूषण लाल जांगडे...

SHRI TAPAN KUMAR SEN (West Bengal): Sir, we can also simultaneously continue our Zero Hour submissions...*(Interruptions)*...